महत्वपूर्ण एवं खास

कोई कीड़ा भी काटता है तो जान बचाने के लिए लगवाएं एंटी वैक्सीन

सारंगढ़ बिलाईगढ़। सामान्य तौर पर भीषण गर्मी के दौरान बरसात होने से सांप बिच्छू और अन्य कीड़ा अपने बिल से अधिक मात्रा में निकलते हैं, जिनके काटने से होने वाले जनहानि को ध्यान में रखते हुए अलर्ट जारी किया गया है। इस भीषण गर्मी में कोई भी कीड़ा काटता है, चुभने का अहसास होता है भले ही ढूंढने से वो दिखाई न दे, तुरंत दर्द न दे तो इग्नोर न करे, मरण से बचने के लिए तुरंत हॉस्पिटल से सांप बिच्छू का एंटी वैक्सीन जरूर लगवाएं। ऐसी घटना विगत 30 मई 2024 को महासमुंद जिले के झलप के पास खम्हारमुडा की मनोरमा जांगड़े 38 वर्ष की मृत्यु हो गई, उन्होंने रात को कीड़ा के काटने पर तलाश करी और सो गई, कुछ देर बाद उल्टी हुई, अस्पताल में उसे मृत घोषित किया।

हैवी ब्लास्टिंग से समस्या: भू-विस्थापितों ने कराया खदान बंद

कोरबा (आरएनएस)। नरईबोध गांव के निकट कोयला खदान के संचालित होने से ग्रामीणों (भू-विस्थापित) की समस्या बढ़ गई है। हैवी ब्लास्टिंग से उनके घरों में दरारें आ रही है। साथ ही पानी की किल्लत भी उत्पन्न हो गयी है। इन समस्याओं के निराकरण के लिए यहां के लोगों द्वारा प्रबंधन से मांग की जाती रही है लेकिन प्रबंधन द्वारा ध्यान नहीं दिये जाने पर आज गांव के लोगों ने खदान के मुहाने पर प्रदर्शन करते हुए ओबी व अन्य कार्य को बंद करा दिया।

अवैध शराब कारोबार से जुड़े युवक की हादसे में मौत, एक घायल

कोरबा (आरएनएस)। किसी भी प्रकार के अवैध काम में संलिप्त होने से भले ही व्यक्ति को अच्छी कमाई की आस रहती है, लेकिन हर समय डर भी होता है कि कब पुलिस उसे पकड़ ले। अवैध महुआ शराब की बिक्री से जुड़े हुए ऐसे ही मामले में एक युवक की मौत हो गई। उसकी बाइक आपाधापी में कार से जा भिड़ी। घटना में एक युवक घायल हुआ है उसे अस्पताल रेफर किया गया। कोरबा-चांपा मार्ग पर हुई इस घटना को लेकर यह जानकारी मिली इसमें बताया गया कि बाइक सवार दो युवक अवैध शराब की बिक्री करने से जुड़े हुए थे। 28 वर्षीय विकास और उसका साथी बाइक में सवार था। विकास बाइक को चला रहा था और दूसरा पीछे बैठा था। बताया गया कि दोनों युवक महुआ शराब देने के लिए आबकारी सर्किल के अंतर्गत आने वाले चिकनीपाली गांव गए हुए थे। वहां से लौटने के दौरान इसकी भनक पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी को लग गई। उसने युवकों को पकडने के लिए सक्रियता दिखाई। पुलिस को पीछा करते देख युवकों को लगा कि बच पाना मुश्किल है। ऐसे उन्होंने अपनी बाइक को तेज रफ्तार से दौड़ाना जारी रखा। कोरबा शहर के रहने वाले अवैध शराब के कारोबार से जुड़े व्यक्ति के लिए सेवारत दोनों युवक इस दौरान मुख्य मार्ग पर चल रहे कार से जा भिड़े। घटना में विकास की मौत हो गई और उसका सहयोगी घायल हो गया। राहगीरों ने घटना देखने के बाद पुलिस को अवगत कराया। बाद में पीडित और मृतक को अस्पताल भेजने की कार्रवाई की गई।

तालाब में मिला नवजात शिशु का शव, इलाके में मचा हडक़ंप पुलिस कर रही जांच

अंबिकापुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले से मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। दरअसल, तालाब में नवजात शिशु का शव मिला है। किसी ने बड़ी ही क्रूरता से एक नवजात शिशु को थैले में भरकर तालाब में फेंक दिया है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के सत्ती पारा का है। मिली जानकारी के अनुसार, सत्ती पारा स्थित दीवान तालाब में किसी ने छह माह के नवजात शिशु को थैले में भरकर तालाब में फेंक दिया। स्थानीय लोगों ने पहले तो सोचा कि थैले में किसी ने डॉल को फेंका है फिर जब उन्होंने थैले को बाहर निकालकर देखा तो पांच-छह महीने के बच्चे का शव था। इससे इलाके में हडक़ंप मच गया। लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

ट्रैक्टर से गिरकर अधेड़ की मौत

रायपुर (आरएनएस)। ग्राम गनौद में ट्रैक्टर से गिरकर अधेड़ पहिए के नीचे आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में राखी पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक हेमेश्वर ढीढी 50 वर्ष ग्राम गनौद का रहने वाला था। बताया जाता है कि 28 मई को हेमेश्वर ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 एचएफ 1667 में बैठकर कहीं जा रहा था, तभी ट्रैक्टर से उच्चकर नीचे जा गिरा और पहिए के नीचे आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में राखी पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

आंधी तूफान से प्रभावित हुई विद्युत आपूर्ति को बहाल करने में बीती रात से जुटा है बिजली विभाग

रायगढ़ शहर और आस पास 100 से ज्यादा पेड़ और 20 से अधिक बिजली खंबे टूटे

❒ 70 लोगों की टीम बिजली सप्लाई बहाल करने लगातार कार्यरत

रायगढ़

बीती रात आए तेज आंधी तूफान से कई जगहों पर विद्युत पोल के टूटने और पेड़ों की डंगाल बिजली के तारों पर टूट कर गिरने से रायगढ़ शहर सहित पूरे जिले में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरीके से प्रभावित हुई है। बिजली विभाग बीती रात से ही विद्युत सप्लाई बहाल करने में जुटा हुआ है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जल्द व्यवस्थाएं ठीक करने के निर्देश दिए हुए है। एसई सीएसईबी मनीष तनेजा ने बताया कि बीती रात के आंधी तूफान से रायगढ़ शहर में करीब 35 से 40 फीडर से बिजली सप्लाई बाधित हुई थी। 20 से अधिक बिजली के पोल गिर गए हैं। कई जगहों पर पेड़ बिजली की तारों में गिर गए हैं। जिससे तारें भी टूट गई हैं। उन्होंने बताया कि रायगढ़ शहर के साथ आस पास के ग्रामीण इलाकों के साथ कोड़ा तराई, किरोड़ीमल नगर, तमनार, लैलूंगा में भी कुछ जगहों पर पोल गिरे हैं। सभी जगहों पर मरम्मत का काम चल रहा है।

उन्होंने बताया कि रायगढ़ शहर में 6 फीडर को छोड़ कर बाकी जगहों पर सप्लाई शुरू कर दी गई है। अभी करीब 70 लोगों की टीम विद्युत व्यवस्था बहाल करने में जुटी हुई है। जहां तार टूट गए थे उन्हें जोड़ा जा रहा है। चक्रधर नगर, पॉलीटेक्निक के सामने, टीवी टावर रोड पर अधिक संख्या में पेड़ गिरे हैं। जिन्हें हटाने और गिरे हुए बिजली पोल के मरम्मत का काम चल रहा है। पुसौर, कोड़ातराई, तमनार सहित ग्रामीण इलाकों में अलग से टीमें काम कर रही हैं। ठेकदारों की 3 टीम भी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि शाम तक पूरी बिजली व्यवस्था बहाल कर ली जाएगी।

100 से ज्यादा पेड़ गिरे,बिजली विभाग के साथ एसडीएम तहसीलदार और नगर निगम की टीम व्यवस्थाएं दुरुस्त करने फील्ड पर जुटे- नगर निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि शहर में अलग अलग स्थानों पर 100 से अधिक पेड़ गिरे हैं। जिन्हें पिछली रात से ही बिजली विभाग के साथ नगर निगम की टीम हटा रही। एसडीएम प्रवीण तिवारी और तहसीलदार लोमस मिरी भी बिजली विभाग की टीम के साथ लगातार समस्या ग्रस्त इलाकों में जाकर वहां बिजली व्यवस्था बहाल करवाने में जुटे हैं।

गर्मी को देखते हुए पुलिस ने राहगीरों के लिए की ठंडे पानी की व्यवस्था

रायगढ़

भीषण गर्मी को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत थाना व चौकियों पर आने वाले शिकायतकर्ताओं, आमजन व राहगीरों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है। बढती गर्मी को लेकर पिछले दो दिनों से थाना प्रभारीगण प्रमुख मार्गों में राहगीरों और विशेष कर वाहन चालकों के लिए पीने के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की जा रही है। वहीं स्वास्थ्यकर्मियों के साथ मिलकर पुलिस टीमें वाहन चालकों को लू से बचने की जानकारी देकर ओआरएस तथा इलेक्ट्रॉल पाउडर का वितरण कराया गया व साथ ही कुछ स्थानों पर जन सहयोग से वाहन चालकों के भोजन की व्यवस्था कराई गई। पुलिस की पहल से स्थानीय प्लांटों द्वारा आने वाले राहगीरों के लिए मार्गों में मिट्टी के घड़े रखवाए हैं तथा वाहन चालकों के लिए विश्राम गृह की व्यवस्था कराया गया है।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी को पोक्सो एक्ट में भेजा गया जेल

रायगढ़

खरसिया पुलिस ने नाबालिक से दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने वाले युवक को दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट की सुसंगत धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक थाना खरसिया में बालिका के पिता द्वारा उसकी नाबालिग लडकी से आर्यन खंडेलवाल (21 साल) द्वारा शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर अक्टूबर 2021 से लगातार दुष्कर्म कर शारीरिक शोषण करने की रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्टकर्ता के आवेदन पर आरोपित पर अप.क्र. 336/2024 धारा 376(2)(n) आईपीसी.5(l).N आईपीसी 6 पोक्सो एक्ट के तहत कायम कर विवेचना में लिया गया। महिला संबंधी अपराध को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में खरसिया पुलिस द्वारा दबिश देकर आरोपी आर्यन खंडेलवाल निवासी थानाक्षेत्र खरसिया को गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया। जहां माननीय न्यायाधीश द्वारा आरोपी का जेल वारंट जारी करने पर पुलिस ने आरोपी को जेल दाखिल किया है।

पुलिस अधीक्षक रायगढ़ दिव्यांग कुमार पटेल एवं एसडीओपी खरसिया प्रभात कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर प्रशिक्षु आईपीएस एवं थाना प्रभारी खरसिया आकाश श्रीश्रीमाल, उप निरीक्षक ऐनु कुमार देवांगन, आरक्षक विशोप सिंह, हेमलाल सिदार एवं हमराह स्टाफ की विशेष भूमिका रही है।

चोरी की मोटर सायकल के साथ युवक गिरफ्तार

❒ आरोपी ने नाबालिग दोस्त के साथ मिलकर चुराई थी राज मिस्त्री की बाइक

रायगढ़

पुलिस चौकी खरसिया की टीम ने बीते शुक्रवार (31मई) को मदनपुर हाई स्कूल के पास से चोरी हुई बाइक को हमालपारा तालाबपार खरसिया के मुकेश यादव उर्फ कल्लू के कब्जे से बरामद किया है। आरोपी ने अपने नाबालिक साथी के साथ मिलकर बाइक चोरी करना स्वीकार किया है।

बाइक चोरी को लेकर 31 मई को पुलिस चौकी खरसिया में राजमिस्त्री का काम करने वाला रामपाल पटेल निवासी ग्राम छोटे देवगांव रिपोर्ट दर्ज कराया कि 31 मई के सुबह मदनपुर हाई स्कूल के पीछे अनिल डनसेना के घर काम करने अपनी हीरो स्प्लेंडर प्रो बाइक सीजी 13 यूबी 6280 से आया था, दोपहर में काम करते वक्त छत से देखा तो उसकी बाइक गायब थी, आसपास पता किया बाइक का पता नहीं चला। पुलिस चौकी खरसिया में बाइक चोरी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 335/2024 धारा 379 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर माल मुलाजिम पतासाजी में लिया गया। रिपोर्टकर्ता रामपाल पटेल और उसके साथ काम करने वाले व्यक्तियों ने दोपहर में मदनपुर के दो लड़कों को संदिग्ध अवस्था में घूमते देखना बताये। पुलिस दोनों संदेहियों की पतासाजी की जा रही थी कि आज चौकी प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि हमालपारा तालाबपार खरसिया का रहने वाला मुकेश यादव उर्फ कल्लू एक हीरो स्प्लेंडर बाइक को बेचने मंगल बाजार चौक पर ग्राहक तलाश रहा था। तत्काल पुलिस टीम संदेही मुकेश यादव को हिरासत में ली जिससे मोटरसाइकिल के संबंध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि 31 मई के दोपहर अपने साथी (नाबालिग) के साथ मिलकर बाइक को चोरी किया जिसे साथी के घर में छुपा कर रखा है। पुलिस ने आरोपी मुकेश यादव उर्फ कल्लू पिता ललित यादव 22 साल निवासी हमालपारा तालाबपार खरसिया के मेमोरेंडम पर चोरी बाइक को बरामद कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी का नाबालिक साथी फरार है।

चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक संजय नाग के नेतृत्व में माल मुल्जिम की पतासाजी में प्रधान आरक्षक अशोक देवांगन, शंकर सिंह क्षत्री, आरक्षक डमरूधर पटेल की सक्रिय भूमिका रही है।

शराब रेड : ग्राम भदरीपाली में खरसिया पुलिस ने 20 लीटर महुआ शराब के साथ युवक को किया गिरफ्तार, आरोपी पर आबकारी अधिनियम के तहत की गई कार्यवाई

रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रभात कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर खरसिया क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ-सट्टा पर पुलिस अभियान स्तर पर कार्यवाही कर रही है।

इसी क्रम में आज प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में खरसिया पुलिस की टीम द्वारा अवैध शराब बिक्री सूचना पर कार्यवाही किया गया है। प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भद्रीपाली के चूड़ामणि डनसेना अपने घर के अंदर अधिक मात्रा में देशी महुआ शराब निर्माण कर बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल खरसिया पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर के बताए स्थान पर रेड कार्यवाही किया गया। संदेही के घर अंदर 05-05 लीटर वाले प्लास्टिक डिब्बा में रखा हुआ,20 लीटर देसी महुआ शराब मिल, जिसकी जप्ती की गई। आरोपी चूड़ामणि पिता गुलाब राम डनसेना उम्र 26 वर्ष निवासी भद्रीपाली के विरुद्ध थाना खरसिया मे अपराध क्रमांक 339/24.धारा 34(2),59(1) आबकारी अधिनियम तहत कार्यवाही किया गया है। कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण राठौर आरक्षक हेमलाल सिदार और योगेन्द्र सिदार शामिल थे।

85 पाव देशी प्लेन मदिरा के साथ महिला गिरफ्तार

ग्राम छोटे देवगांव में खरसिया पुलिस की शराब रेड कार्यवाई

खरसिया थानाक्षेत्र में प्रशिक्षु आईपीएस एवं थाना प्रभारी खरसिया आकाश श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में अवैध शराब, जुआ सट्टा पर अंकुश लगाने अभियान स्तर पर पुलिस की कार्यवाही जारी है।

इसी क्रम में 01 जून को प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में खरसिया पुलिस की टीम द्वारा अवैध शराब बिक्री सूचना पर कार्यवाही किया गया। प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम छोटे देवगांव के अनसूईयागुप्ता उर्फ गुड्डी गुप्ता (उम्र 50 वर्ष) अपने घर काफी अधिक मात्रा में शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री किया जाता है। सूचना पर तत्काल खरसिया पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर के बताए स्थान पर रेड कार्यवाही किया गया। महिला के घर दुकान के अंदर प्लास्टिक बोरी पर छिपा कर रखा हुआ 85 पाव देसी प्लेन मदिरा बरामद हुआ। आरोपिया के विरुद्ध थाना खरसिया मे अपराध क्रमांक 339/2024 धारा 34(2),59(1) आबकारी अधिनियम तहत कार्यवाही किया गया है। कार्यवाही में उपनिरीक्षक ऐनु कुमार देवांगन, सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार दर्शन आरक्षक हेमलाल सिदार और योगेन्द्र सिदार शामिल थे।

ऑब्जर्वरो ने सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विधानसभा के मतगणना व्यवस्था का लिया जायजा

सारंगढ़ बिलाईगढ़

लोकसभा सीट जांजगीर चांपा और रायगढ़ के मतगणना हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश साहू के नेतृत्व में बिलाईगढ़ विधानसभा के मतगणना ऑब्जर्वर जी स्रीनी और सारंगढ़ विधानसभा के मतगणना ऑब्जर्वर रमेश कोलार ने मतगणना परिसर की सारी व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसमें अधिकारियो, कर्मचारियों, मतगणना कर्मी, राजनीतिक दलों के एंट्री और आउट गेट, मतगणना हाल में बेरिकेटिंग व्यवस्था, परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, पत्रकारों के लिए मीडिया सेंटर और राजनीतिक दलों के अभिकर्ता के लिए बैठक व्यवस्था, साउंड, टीवी डिस्प्ले, एलाउंस आदि का भौतिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसपी पुष्कर शर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) वासु जैन, डॉ स्निग्धा तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू, नोडल अधिकारी स्वीप हरिशंकर चौहान, एसडीओ पीडब्ल्यूडी विग्नेश कुमार और निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना उपस्थित थे।

कलेक्टर के नेतृत्व में निर्वाचन सुपरवाइजर, गणना सहायक और माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण पूर्ण

सारंगढ़ बिलाईगढ़

कलेक्टर धर्मेश साहू के नेतृत्व में लोकसभा निर्वाचन के मतगणना कार्य के लिए निर्वाचन सुपरवाइजर, गणना सहायक और माइक्रो आब्जर्वर को अलग अलग तिथि और समय पर प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर ने सभी कर्मियों को कहा कि टीम के साथ और प्रत्याशी या उनके एजेंट के साथ कुशल व्यवहार होना चाहिए। जिला मास्टर ट्रेनर थानेश्वर चंन्द्रा, एस आर अजय और चूड़ामणि गोस्वामी ने बताया कि ईवीएम की गणना सुबह 8 बजे शुरू होगा। रनर कर्मचारी ड्रेस कोड में होंगे, विधानसभावार उनके ड्रेस के आगे पीछे टेबल नं. प्रिन्ट रहेगा जिससे सभी को पहचान होगा कि इस टेबल नंबर का ईवीएम मशीन लाने, ले जाने का कार्य यही करेगा। निश्चित हो जाने पर कि यह ईवीएम का सीयू उसी मतदान केन्द्र का है जिसका परिणाम निकालना है, तब

ईवीएम के सीयू के तीनो एड्रेस टैग को काटना होगा। ईवीएम के सीयू को चालू करने पर तारीख और समय बताएगा। सबसे पहले कुल बटन दबाना होगा तब 17 सी भाग 1 निकालकर एक कर्मचारी रखा रहेगा और उसके आंकडा से कुल बटन दबाने पर दिखाए गए रिजल्ट एक समान होना चाहिए। रिजल्ट मैंच नही करेगा तब ऑब्जर्वर को इसकी सूचना देना होगा। रिजल्ट बटन दबाने के बाद प्रत्याशी की सूची तैयार रखना है। रिजल्ट बटन को दबाते समय ऐसी बैठक व्यवस्था बनाना होगा जिसके प्रत्याशी या एजेंट, गणना सहायक को एक साथ दिखे। अभ्यर्थी के रिजल्ट लिखने पर सावधानी बरतें। ओवर राइट स्वीकार नही होगा भले ही प्रपत्र बदलकर पुनः लिखें। मतगणना प्रेक्षक अपनी जांच के लिए दो टेबल का पुनः चेक करेगे।

विसंगति होने पर ऑब्जर्वर का निर्णय सर्वोपरि- पहली स्थिति मान लीजिए वास्तविक मॉकपोल के पश्चात जिस पीठासीन अधिकारी ने सी.आर. सी (क्लियर) बटन नही दबाया होगा, दूसरी स्थिति जब ईवीएम मशीन और रिकार्ड प्रपत्र का मत मैच नही खा रहा तब और तीसरी स्थिति इवीएम में कुछ प्रदर्शित नही हो रहा तब इवीएम मशीन को स्विच ऑफ कर ए.आर.ओ को सौंप देना है। ऑब्जर्वर का निर्णय सर्वोपरि है। ऑब्जर्वर के निर्णय के बाद कार्य करना है।

गोपनीयता कानून और दंड- लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 128 अंतर्गत निर्वाचन कार्य की गोपनीयता भंग होने पर, धारा 136 के 1 से 4 तक कोई भी ईवीएम या मत को नुकसान, छल करने पर, धारा 129 प्रत्याशी के हित में कार्य करने पर नियमानुसार 2 से 3 वर्ष का जेल की सजा का प्रावधान है।

मतगणना ऑब्जर्वरो के समक्ष किया गया द्वितीय रेंडमाईजेशन

सारंगढ़ बिलाईगढ़। लोकसभा सीट जांजगीर चांपा और रायगढ़ के मतगणना हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश साहू की उपस्थिति में बिलाईगढ़ विधानसभा के मतगणना ऑब्जर्वर जी स्रीनी और सारंगढ़ विधानसभा के मतगणना ऑब्जर्वर रमेश कोलार के समक्ष द्वितीय रेण्डमाईजेशन किया गया। इस दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) वासु जैन, डॉ स्निग्धा तिवारी, नोडल अधिकारी स्वीप हरिशंकर चौहान, निर्वाचन कर्मी के प्रभारी अधिकारी एस सी सिंह, निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना, डीआईओ (एनआईसी) आशीष वर्मा उपस्थित थे। तृतीय और अंतिम रेन्डमाइजेशन 4 जून 2024 को सुबह 5 बजे मतगणना ऑब्जर्वर की उपस्थिति में किया जाएगा। इस रेण्डमाईजेशन से बनी सूची अनुसार तय किया जाता है कि कौन सा कर्मी किस टेबल पर बैठकर चुनाव रिजल्ट की गिनती कार्य करेगा।

सावधानी- प्रत्याशी के क्रम अनुसार गिनती करेंगे ज्यादा वोट पाने वाले प्रत्याशी की गिनती पहले नही करना है। सीयू से प्राप्त मतों की संख्या और वी.वी.पैट में अंतर आने पर वी.वी.पैट के मत को मान्य किया जाएगा। सुपरवाइजर और माइक्रोआब्जर्वर का गणना एक समान है कि नही अंतिम निर्णय भरने के पूर्व मैच कर लेना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480